राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि / 2019 / 796 दिनांक: 5/12/2019

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 एवं 2018 की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 एवं 2018 में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र / छात्राओं के गोल्ड मेडल दिनांक 19.12.2019 को प्रातः 11.00 बजे Convocation Centre, University of Rajasthan, Jaipur में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जावेंगे। जिसकी वर्षवार सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी विद्यार्थी को इस पर कोई आपत्ति हो, तो तीन दिवस के भीतर पूर्ण विवरण के साथ विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में कमरा नं. 111 में सम्पर्क करें। इसके पश्चात् कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी।

साथ ही, इस सूची के साथ एक प्रपत्र भी प्रकाशित किया जा रहा है जिसे संबंधित विद्यार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** से डाउनलोड करके अपने विभागाध्यक्ष से अग्रेषित (Forward) करवाकर समारोह स्थल पर समय से 2.00 घंटे पूर्व एक फोटो आई.डी. व मूल अंकतालिकाओं की एक–एक फोटोप्रति के साथ जमा करवाऐंगे।

समारोह में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से अनुरोध है कि किसी कारणवश छात्र / छात्रा समारोह में उपस्थित नहीं हो सके तो ऐसी स्थिति में लिखित आवेदन पर तथा छात्र द्वारा अधिकृत किये जाने पर आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के साथ गोल्ड मेडल छात्र के परिवार के सदस्य को दिया जा सकता हैं लेकिन अभिभावक के लिए यह आवश्यक होगा कि वह स्वयं का परिचय पत्र जो यह स्पष्ट करता हो कि वह छात्र के परिवार का सदस्य है, प्रस्तुत करें।

इस कार्यक्रम में स्वयं / अभिभावक के आने की पूर्व सूचना संलग्न प्रारूप में भरकर कुलसचिव की ई–मेल आई.डी **registrar@uniraj.ernet.in** पर दिनांक 15.12.2019 तक अवश्य भिजवायें।

कुलसचिव

क्रमांक– परीक्षा उपाधि / 2019 / 796 – 800 दिनांक: 5/12/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक / प्राचार्य / विभागाध्यक्ष एवं समस्त सम्बद्ध पी.जी. स्कूल, राज.वि.वि., जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि संलग्न प्रफोर्मा को गोल्ड मेडल की सूची के साथ वेबसाईट (Hotlink) पर अपलोड करें।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि राजस्थान के मुख्य समाचार पत्रों (दैनिक भास्कर व राजस्थान पत्रिका) एवं एक राष्ट्रीय संस्करण में एक बार प्रकाशित करावें।
5. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

5/12/19

परीक्षा नियंत्रक